# सिद्धयोग ध्यान

## सीधे ऑडिओ प्रसारण द्वारा ध्यान-सत्र, २०१९

आत्मीय सिद्धयोगी,

श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश के अपने अन्वेषण में हमें मदद मिल सके, अतः सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर सीधे ऑडिओ प्रसारण के माध्यम से आयोजित होने वाले मासिक सिद्धयोग ध्यान-सत्रों की एक नई शृंखला के लिए, श्रीगुरुमाई ने एक विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया है।

सिद्धयोग ध्यान के अपने अभ्यास में आप उनके सन्देश को लागु कर सकें, इसमें मार्गदर्शन हेतु श्रीगुरुमाई ने एक शीर्षक प्रदान किया है और साथ ही एक सिखावनी भी प्रदान की है।

मैं हृदय से आपको इस नई शृंखला में भाग लेने के लिए आमन्त्रित करता हूँ जोकि इस माह, जनवरी से शुरू होगी और इस वर्ष सितम्बर तक जारी रहेगी। सत्रों का संचालन सिद्धयोग स्वामीगण एवं अनुभवी सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक करेंगे।

प्रथम सत्र के लिए, श्रीगुरुमाई ने जो शीर्षक प्रदान किया है, वह है

“मन के नेटवर्क को खोज निकालो”

इस सत्र में, जिसके लिए मैं शिक्षक रहूँगा, आप मन के स्वरूप के बारे में जानेंगे। आप उन तरीक़ों का भी अभ्यास करेंगे जो श्रीगुरुमाई ने हममें से प्रत्येक को अपने नववर्ष सन्देश में प्रदान किए हैं, वे तरीक़े जिनके द्वारा हम मन को विश्रान्ति पाने देने के लिए, उसके स्रोत तक ले जा सकते हैं।

यह सत्र शनिवार, २६ जनवरी को ईस्टर्न स्टैन्डर्ड समयानुसार [USA] सुबह १० बजे
श्री मुक्तानन्द आश्रम से सीधा प्रसारित किया जाएगा। सीधे ऑडिओ प्रसारण के बाद प्रत्येक

मासिक-सत्र वेबकास्ट के रूप में उपलब्ध रहेगा। जब आप एक सत्र के लिए पंजीकरण करते हैं तो आपको पूरे एक वर्ष के लिए ये सत्र उपलब्ध हो जाते हैं। इस प्रकार, आप इसमें जितनी बार चाहें उतनी बार भाग ले सकते हैं। आप न केवल पूरे वेबकास्ट में फिर से भाग ले पाएँगे बल्कि इसके किसी भी एक तत्त्व में भी भाग ले सकेंगे जैसे कि सत्र के लिए गुरुमाई जी की सिखावनी पर व्याख्या में या उस धारणा में, जो आपको ध्यान में ले जाती है।

प्रथम सत्र के लिए या पूरी श्रृंखला के लिए पंजीकरण अब खुला है।

जैसे-जैसे आप श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश के अपने अध्ययन और अभ्यास में स्वयं को निमग्न करें, यह वर्ष आपके लिए ध्यान हेतु सर्वाधिक परिपूर्णता का वर्ष हो, ऐसी शुभकामनाएँ।

सप्रेम,
स्वामी वासुदेवानन्द
सिद्धयोग ध्यान-शिक्षक

©२०१९ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।